संघ लोक सेवा आयोग

अनुशेष- उम्मीदवारों को नोटिस

संदर्भ: संघ लोक सेवा आयोग के निम्नलिखित विज्ञापन :-

(i) विज्ञापन सं. 11/2016, मद सं. 07, रिक्ति सं. 16061107425, प्रकाशन की तारीख 25.06.2016, जिसके अंतर्गत महापंजीयक कार्यालय, गृह मंत्रालय में सांख्यिकीय अन्वेषक (ग्रेड-I) के 17 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 14.07.2016 को 23.59 बजे तक थी।

(ii) विज्ञापन सं. 04/2016, मद सं. 02, रिक्ति सं. 16020402427, प्रकाशन की तारीख 27.02.2016, जिसके अंतर्गत महापंजीयक कार्यालय, गृह मंत्रालय में सहायक निदेशक जनसंख्या संकार्य (टी) के 42 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 17.03.2016 को 23.59 बजे तक थी।

आयोग ने उक्त पदों के संबंध में उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु लघु सूचीबद्ध करने के लिए **दिनांक 21.01.2017 (शनिवार) (पूर्वाहन सत्र) को पूर्वाहन 9.30 बजे से पूर्वाहन 11.30 बजे तक (परीक्षा केन्द्र पर उम्मीदवारों के रिपोर्ट करने का समय प्रात: 08.00 बजे)** निम्नलिखित केन्द्रों पर कम्प्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया है। केवल कम्प्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण के आधार पर लघु सूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों को उपर्युक्त पदों हेतु अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने के लिए कहा जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी और उक्त पदों हेतु पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

परीक्षा केन्द्र	केन्द्र का कोड
भोपाल	04
कोलकाता	06
दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित)	08
दिसपुर (गुवाहाटी)	09
चेन्नई	12
नागपुर	13
लखनऊ	26
जम्मू	34
पोर्ट ब्लेयर	37

टिप्पणी I :- भर्ती परीक्षण संबंधी स्थल की सूचना उम्मीदवारों को यथासमय दे दी जाएगी।

टिप्पणी II:- कंप्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण (सीबीआरटी) के आधार पर लघु सूचीबद्ध किए गए तथा साक्षात्कार में सफल उम्मीदवारों के लिए सीबीआरटी और व्यक्तित्व परीक्षण का वेटेज 50:50 होगा।

टिप्पणी III :- परीक्षण केन्द्र में परिवर्तन के संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

I. परीक्षण की योजना

(क) परीक्षण दो घण्टे की अवधि का होगा और अधिकतम 100 अंकों का होगा।

(ख) परीक्षण वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहु-विकल्प उत्तर वाला होगा।

(ग) परीक्षण का माध्यम केवल अंग्रेजी होगा।

(घ) गलत उत्तरों के लिए दण्ड होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के लिए दर्शाए गए अंकों में से एक तिहाई अंक काट लिए जाएंगे। यदि प्रश्न के लिए कोई उत्तर नहीं दिया गया हो तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं होगा।

II. परीक्षण का पाठ्यक्रम :

परीक्षण के पाठ्यक्र के अंतर्गत निम्नलिखित मुख्य क्षेत्र शामिल होंगे:

क) सांख्यिकीय पद्धतियां

ख) प्रतिचयन(सैंपलिंग) की तकनीकें

ग) जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) एवं जीवन-मरण संबंधी आंकड़े (वाइटल स्टैटिस्टिक्स)

घ) जनसंख्या अध्ययन

ड.) कंप्यूटर एप्लीकेशन का बुनियादी ज्ञान